केन्द्रीय विद्यालय बक्सर

सत्र 2025-26 के लिए केन्द्रीय विद्यालय बक्सर में कक्षा-2, 3, 5, 8 में प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण दिनांक 02.04.2025 (प्रातः 10 बजे) से **11.04.2025** सायं 4 बजे तक होगा | इच्छुक अभिभावक अपना आधार व अपने पाल्य का जन्म प्रमाण-पत्र जमा कर निःशुल्क पंजीकरण पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा निम्नलिखित विवरण का अनुपालन कर अपने पाल्य के प्रवेश हेतु पंजीकरण कर सकते हैं |

1. सम्बंधित कक्षाओं में रिक्ति एवं निर्धारित आयु :-

क्र.	कक्षा	रिक्ति	आयु सीमा
1.	II (दूसरी)	7	7 वर्ष से 9 वर्ष के बीच
2.	III (तीसरी)	2	8 वर्ष से 10 वर्ष के बीच
3.	v (पाँचवी)	9	9 वर्ष से 11 वर्ष के बीच
4.	VIII (आठवी)	4	12 वर्ष से 14 वर्ष के बीच

2. प्रवेश हेतु पंजीकरण फॉर्म केन्द्रीय विद्यालय बक्सर के प्रवेश विभाग से प्राप्त होंगे जिसे संलग्न दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों के साथ दिनांक 11.04.2025 को सायं 4 बजे तक प्रवेश विभाग में जमा करना होगा | अन्यथा फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे |
3. पंजीकरण हेतु फॉर्म भरते समय भरे गए विवरण के अनुरूप प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति अवश्य संलग्न करें अन्यथा सम्बंधित श्रेणी का लाभ नहीं दिया जायेगा |
4. केन्द्र सरकार के कर्मचारी स्थानांतरण का लाभ लेने हेतु पंजीकरण-पत्र पर दिए हुए निर्धारित स्थान पर स्थानांतरण का विवरण भरें और अपने सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित करवाएं |
5. प्रवेश दिशानिर्देश के नियमानुसार वरीयता के० वि० स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र और सेवा श्रेणी के अनुसार वरीयता दी जायेगी |

पंजीकरण हेतु फॉर्म जमा करते समय आवश्यक दस्तावेज :-

1. पासपोर्ट साइज़ फोटो
2. जन्म प्रमाण-पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
3. आधार कार्ड
4. जाति प्रमाण-पत्र
5. निवास/आवास प्रमाण-पत्र
6. EWS के लिए आय के साथ-साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी EWS प्रमाण-पत्र
7. **OBC (NCL)** के लिए जाति के साथ आय प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति केन्द्र सरकार द्वारा जारी |
8. **CWSN** (दिव्यांग) के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र
9. सेवा प्रमाण-पत्र और वेतन भुगतान पर्ची (DDO द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित)
10. रक्षा संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के मामले के कमान अधिकारी के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर होना चाहिए |
11. केन्द्र सरकार के अधीन कार्यरत कर्मचारी के मामले में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित व मुहर सहित सेवा प्रमाण-पत्र
12. विद्यालय से आवास कि दूरी का घोषणा पत्र
13. रक्त समूह रिपोर्ट

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त दस्तावेजों के अतिरिक्त अन्य दस्तावेज भी मांगे जा सकते हैं |

2/4/25

प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय बक्सर
Website : www.buxar.kvs.ac.in
Pin code : 802101